भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 744
गुरुवार, 4 दिसंबर, 2025/13 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

ग्रीनफील्ड विमानपत्तनों की स्थिति

744. श्री यूसुफ पठान:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2014 से अब तक राज्यवार कितने ग्रीनफील्ड विमानपत्तनों का उद्घाटन किया गया है साथ ही इनके निर्माण तथा अनुरक्षण की लागत कितनी है;

(ख) ऐसे ग्रीनफील्ड विमानपत्तनों से संचालित उड़ानों की वर्षवार संख्या कितनी है और प्रति वर्ष यात्रियों की संख्या कितनी है; और

(ग) क्या वर्ष 2014 से अब तक उद्घाटन किए गए किसी ग्रीनफील्ड विमानपत्तन का संचालन बंद हो गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क): वर्ष 2014 के बाद से, तेरह (13) ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों अर्थात गोवा में मोपा (परियोजना लागत - 3400 करोड़ रुपये) महाराष्ट्र में नवी मुंबई (परियोजना लागत - 19646 करोड़ रुपये), शिरडी (परियोजना लागत - 320 करोड़ रुपये) और सिंधुदुर्ग (परियोजना लागत - 520 करोड़ रुपये), कर्नाटक में कालाबुर्गी (परियोजना लागत - 175.57 करोड़ रुपये) और शिवमोग्गा (परियोजना लागत - 449 करोड़ रुपये), उत्तर प्रदेश में कुशीनगर (परियोजना लागत - 448 करोड़ रुपये), गुजरात में राजकोट (हीरासर) (परियोजना लागत - 1405 करोड़ रुपये), आंध्र प्रदेश में ओर्वाकल (कुरनूल) (परियोजना लागत - 187 करोड़ रुपये), पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर (परियोजना लागत - 670 करोड़ रुपये), सिक्किम में पाक्योंग (परियोजना लागत - 553.53 करोड़ रुपये), केरल में कन्नूर (परियोजना लागत - 2342 करोड़ रुपये) और अरुणाचल प्रदेश में ईटानगर में (परियोजना लागत - 646 करोड़ रुपये) का उद्घाटन किया गया है।

इसके अलावा, हवाईअड्डों पर अवसंरचना/सुविधाओं का रखरखाव और इन पर होने वाला व्यय एक सतत प्रक्रिया है, जिसे संबंधित हवाईअड्डा प्रचालक द्वारा आवश्यकता के अनुसार नियमित रूप से निष्पादित किया जाता है।

(ख): ऐसे ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों से विमान आवाजाही और यात्रियों की संख्या का वर्षवार विवरण अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

(ग): जी नहीं।

अनुलग्नक

दिनांक 04.12.2025 के लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 744 के उत्तर में संदर्भित विवरण

विमानों की आवाजाही संख्या और यात्री संख्या (*) का वर्षवार विवरण

वित्त वर्ष	विमान आवाजाही	यात्री संख्या
2014-15	3344	358402
2015-16	5180	421722
2016-17	4846	411468
2017-18	5629	408038
2018-19	9264	852280
2019-20	25322	2557017
2020-21	11578	870001
2021-22	22417	1839625
2022-23	38656	4137154
2023-24	64602	8144924
2024-25	69160	8695598

नोट (*):

विमान की आवाजाही में, एक विमान की लैंडिंग और टेक-ऑफ को अलग से गिना जाता है अर्थात एक लैंडिंग और एक टेक-ऑफ को दो संचलनों के रूप में गिना जाता है।

*****